53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.0°c  अधिकतम 34.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606  संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा  रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:29, सूर्यास्त - 7:21 | वर्ष : 53/ अंक : 193 | सोमवार, 14 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जैसे दीपक में रोशन प्रकाश उसके बारे में बताता है, ठीक उसी प्रकार से व्यक्ति के कर्म उसके व्यक्तित्व के बारे में परिचय देते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

तेजस्वी की गंदी भाषा उनकी हार के डर की बौखलाहट है : नीरज कुमार



वो आदमी है के कोई शैतां है..... उसकी भाषा से साफ होता है.....

# जमीन से आसमान तक निगरानी के कड़े इंतजाम








**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** जैसे-जैसे कांवड़ियों की भक्ति का सैलाब सड़कों पर उतर रहा है और करोड़ों कांवड़िया अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ने के लिए गंगाजल उठा चुके हैं, वैसे-वैसे मुजफ्फरनगर का प्रशासन भी अपनी पूरी मुस्तैदी के साथ सड़कों पर उमड़ा हुआ है। सुबह 6 बजे से लेकर रात्रि 2-2 बजे तक अधिकारी स्वयं कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए और चप्पे-चप्पे पर अपनी निगरानी रखने के लिए कावंड़ियों के बीच देखे जा रहे हैं। भारी भरकम पुलिसबल ही नहीं एटीएस, बीडीएस और अन्य अद्धसैनिक बल इस समय जनपद में कड़ी निगरानी करते देखे जा रहे हैं। रविवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत सहित राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिलाधिकारी उमेश मिश्र उपरोक्त सभी फोर्स के साथ सड़कों पर उतरे और पैदल फ्लैगमार्च करते दिखाई दिये। कहीं गाड़ी के ऊपर खड़े सैनिक हथियारों का प्रदर्शन करते हुए आमजन को सुरक्षित होने का एहसास दिला रहे हैं, वहीं ड्रोन कैमरों से लम्बी दूरी तक मार्गों की निगरानी रखी जा रही है। दरअसल हरेक स्थान पर जहां पुलिसबल भी नहीं पहुंच सकते, वहां ड्रोन कैमरे कामयाब हो जाते हैं और कंट्रोल रूम में बैठे-बैठे पूरी निगरानी कर सकता है। यूं तो कांवड़ यात्रा में किसी भी घटना को अंजाम देना एक तरफ बहुत आसान है, वहीं पुलिसबल व अर्द्धसैनिक बलों की बाज सी तेज निगाहें हरेक आदमी पर दिखाई दे रही हैं। कहीं भी कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देते ही प्रशासन तुरन्त उस पर एक्शन लेने के मूड़ में है। हाल ही में उत्तरांचल के अंदर पकड़े गए 82 बेहरूपियों से भी दहशत का माहौल बना हुआ है, क्योंकि करोड़ों की इस भीड़ में कुछ लोग कांवड़ यात्रा के अंदर ऐसे भी संदिग्ध अवश्य मिलेंगे, जो किसी न किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। ऐसे में प्रशासन ऐसे ही लोगों की तलाश में घूम रहा है कि कहीं कोई संदिग्ध व्यक्ति किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे डाले। इसी उद्देश्य से रविवार को फ्लैगमार्च के दौरान एक बड़ा अमला सड़कों पर निगरानी करता दिखाई दिया। इस दृश्य को देखकर आम आदमी ने सुरक्षा का एहसास किया।

## मुजफ्फरनगर को चीतल के जरिए देश-विदेश तक मशहूर कराने वाले चीतल स्वामी शारिक राणा का इंतकाल




**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** जिस समय होटलों का दौर ही नहीं था, उस समय मुजफ्फरनगर के खतौली में नहर के निकट चीतल ग्रांड होटल चलाने वाले चीतल के स्वामी शारिक राणा का रविवार की देर शाम निधन हो गया। वे लम्बे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। शारिक राणा के आज विदेश तक कारोबार हैं और उन्होंने उस समय मुजफ्फरनगर के साथ-साथ खतौली को एक ऐसी पहचान दिलाई कि हाइवे पर गाड़ी लेकर चलने वाला कोई भी यात्री ऐसा नहीं था जो चीतल ग्रांड में रुकना पसंद न करता हो। चाहे दिल्ली से मसूरी का सफर हो या मसूरी से दिल्ली। प्रत्येक यात्री का यह स्टॉपेज निश्चित था। चीतल में नए-नए पशु पक्षी लाकर और हरे-भरे पौधो से चीतल की खूबसूरती अपने आपमें देखते ही बनती थी। समय के साथ परिवर्तन कर शारिक राणा चीतल को नेशनल हाइवे पर ले गए जहां गाड़ियों का काफिला रुकने का सिलसिला आज भी नहीं रुका, सिर्फ अपनी देश ही नहीं विदेश तक भी चीतल ने अपनी पहचान आज भी कायम रखी हुई है। विदेशों से आने वाले पर्यटक आज भी हाइवे स्थित चीतल पर रुके बिना अपने गंतव्य की ओर नहीं जाते।

# निडर व निर्भीक पत्रकारिका के धनी स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा को नगर के गणमान्य लोगों ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

**शर्मा जी के पुराने दोस्तों से लेकर राजनीतिक सलाहकारों सहित सभी ने एक स्वर में कहा कि बुलेटिन जैसी नि:स्वार्थ व निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता करना नामुमकिन**











**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** नगर के प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संस्थापक स्व. श्री उत्तम चंद्र शर्मा जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर रविवार को बुलेटिन कार्यालय पर आयोजित पुष्पांजलि सभा में जनपद भर से विभिन्न क्षेत्रों की गणमान्य हस्तियों व नगरवासियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में डीएम के अलावा राजनैतिक, सामाजिक, व्यापारियों के साथ उद्यमी, चिकित्सकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं और बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य लोगों ने दिवंगत बुलेटिन के संस्थापक स्व. श्री उत्तमचंद शर्मा के योगदान को याद किया।

रविवार को मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर आयोजित पुष्पांजलि सभा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे **डीएम उमेश मिश्रा** ने कहा कि स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी ने एक छोटे से शहर में चार पेज के अखबार से अपनी पत्रकारिता शुरू करते हुए देश-विदेश में अपनी पहचान बनाने के साथ ही जनपद को गौरवान्वित किया। इस दौरान डीएम उमेश मिश्रा ने साढ़े सात लाख रुपए की लागत से बने उत्तम गौ सेवा रथ का पूजा-अर्चना के साथ शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर किया।

पुष्पांजलि सभा का संचालन करते हुए पूर्व चेयरमैन **डॉ. सुभाष शर्मा** ने कहा कि उनसे मेरी गहरी मित्रता थी और सबसे पहले जब मुझे चेयरमैनी का टिकट मिला तो उन्होंने पूर्व में ही घोषणा कर दी कि मैं जीत जाऊंगा। उन्होंने कहा कि ऐसी पर्सनैलिटी लाखों में से एक व्यक्ति की होती है, जैसी शर्मा जी की थी। जहां भी खड़े हो जाते, उनका रौब अपने आप दिखाई देता था।

कार्यक्रम में विचार रखते हुए स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा के घनिष्ठ सहयोगी रहे सैल्स टैक्स के वरिष्ठ अधिवक्ता **एनके अरोरा** ने कहा कि स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे, कि जो भी उनसे एक बार मिल

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर

## ई-रिक्शा ने दो कांवड़ियों को टक्कर मारी, कांवड़ खंडित

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के बामनहेड़ी पुल के निकट एक ई-रिक्शा ने गंगाजल ला रहे दो कांवड़ियों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कांवड़ियों की कांवड़ खंडित हो गयी। इस पर कांवड़ियों ने हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची थाना सिविल लाइन पुलिस ने कांवड़ियों को समझा-बुझाकर शान्त करते हुए नई कांवड़ व गंगाजल देकर उनके गंतव्य की ओर रवाना किया। पुलिस ने ई-रिक्शा चालक को हिरासत में ले लिया था। आपको बता दें कि शनिवार देर रात बामनहेड़ी पुल के निकट एक ई-रिक्शा चालक ने सड़क किनारे खड़े दो कांवड़ियों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों कांवड़ियों की कांवड़ खंडित हो गयी। घटना के बाद ई-रिक्शा चालक मौके पर ही ई-रिक्शा छोड़कर फरार हो गया। हादसे को लेकर कांवड़ियों ने जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को लगी तो सीओ सिटी राजू कुमार साव व थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे कांवड़ियों को समझा-बुझाकर शांत किया। दोनों कांवड़ियों को पुलिस ने नई कांवड़ व गंगाजल देकर उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया। आरोपी ई रिक्शा चालक को पुलिस ने देर रात हिरासत में ले लिया था, जिसे बाद में चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में एक कांवड़िए की मौत, दो घायल





**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** लगातार बढ़ रही कांवड़ियों की संख्या से आए दिन कोई न कोई घटना घटित हो रही है। कभी कांवड़ियों का जल खंड़ित हो जाना तो कभी दुर्घटनाओं में कांवड़ियों की मौत हो जाना, ऐसी दुखद सूचनाएं आए दिन आ रही हैं। इसी क्रम में रविवार को एक और कांवड़िए की दिल्ली-देहरादून हाइवे पर बाइक व कार की टक्कर से मौत हो गयी, जबकि दो अन्य कांवड़िए घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर के गांव सहामपुर थाना मीरानपुर कटरा व अमित पुत्र हरिकिशन सिंह शनिवार शाम को गांव के ही अपने दो दोस्तों अमन पुत्र मुकेश व अभिषेक पुत्र मोहन के साथ बाइक से कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे। जैसे ही ये लोग देर रात दो बजे के लगभग छपार क्षेत्र में रेई-बढेड़ी-चौराहे के पास पहुंचे तो सामने से तेज गति से आ रही बीएमडब्ल्यू कार चालक ने अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक सवार कांवड़िये घायल हो गए। चालक कार को छोडकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के द्वारा घायल कांवड़ियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पर चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों घायलों अमन व अभिषेक का जिला अस्पताल में ही उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और क्षतिग्रस्त कार व बाइक को भी कब्जे में कर लिया है।

# मीरापुर में लक्की होटल पर नाम को लेकर हंगामा

- मुस्लिम ढाबे पर कावड़ियों ने नाम बदलवाने को हंगामा किया
- यशवीर महाराज ने होटल संचालक पर कार्यवाही की मांग की



**मीरापुर, 13 जुलाई (बु.)।** दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग स्थित एक ढाबे पर खाना खाने पहुँचे कांवड़ियों ने ढाबा मालिक मुस्लिम होने का पता चलने पर हंगामा कर दिया। हंगामे के दौरान ढाबा संचालक कावड़ियों को समझाने का प्रयास कर रहा है। हंगामे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यशवीर महाराज ने ढाबा संचालक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है, जिसके बाद प्रशासन में हड़कम्प मच गया। ढाबा संचालक के अनुसार मीरापुर के एक युवक व उसके साथियों ने ढाबे पर शराब पिलाने से मना करने पर ढाबा कर्मचारी के साथ हाथापाई की और बाद में कावड़ियों को भड़काया। रविवार की दोपहर मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर सैनी भट्टा तिराहे पर स्थित लक्की शुद्ध भोजनालय पर कांवड़ियों की एक बस आकर रुकी, इसके बाद कांवड़िये यहां पर खाना खाने पहुँचे। इस दौरान कस्बा निवासी एक युवक ने कांवड़ियों को बताया कि यह मुस्लिम युवक का ढाबा है, तो वहां पर हंगामा हो गया। इस बीच एक युवक ने कांवड़ियों की वीडियो बनाने हुए उनसे पूछा कि क्या आपको नहीं पता था कि यह मुस्लिम युवक का ढाबा तो वीडियो में कांवड़िये इस बात की जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं और कह रहे हैं कि ढाबा स्वामी ने यहां पर लिखवाया हुआ भी नहीं है। इस बात को लेकर यहां पर ढाबा मालिक व कांवड़ियों के बीच कहासुनी होने पर जमकर हंगामा हुआ तथा पुलिस भी मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने कांवड़ियों को शांत कर रवाना किया। इस बीच किसी ने हंगामे की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हालांकि बुलेटिन वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है, जिसके बाद यशवीर महाराज ने बयान जारी कर ढाबा संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए ढाबा संचालक पर कार्यवाही की मांग की, जिससे पुलिस में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने वीडियो बनाने वाले युवक को थाने बैठा लिया। वहीं ढाबा संचालक के भाई रिजवान का कहना है कि कुछ युवकों ने साजिश के तहत यह कराया है तथा कारीगर के साथ भी मारपीट की है जिसकी सीसीटीवी फुटेज मौजूद है।

...इन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की जानकारी लगी है ढाबा संचालक ने वीडियो बना रहे युवकों पर कावड़ियों को भड़काने व कारीगर के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। मामले की जांच की जा रही है जिसकी गलती है, उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

**ढाबा कारीगर ने 4-5 युवकों के विरुद्ध मारपीट की तहरीर दी**

**मीरापुर।** लक्की होटल पर कार्यरत कारीगर पवन ने वीडियो बनाने वाले युवकों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है तथा कारीगर ने 4-5 अज्ञात युवकों के विरुद्ध कावड़ियों को भड़काकर माहौल खराब करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

विश्वास के पूरे हुए 11 साल, हमारी सेवा और समर्पण को बनाये बेमिसाल
शाईन डेन्टल एवं मैडिकल क्लीनिक
महावीर चौक के पास, डा0 मुकेश जैन वाली गली, मुजफ्फरनगर मो0: 8791362345, 9045452123
दाँतों का अत्याधुनिक हॉस्पिटल
डा. जतिन गुप्ता B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं इम्पलान्ट विशेषज्ञ
डा. शिफाली गुप्ता B.D.S., M.D.S. रूट कैनाल एवं कास्मेटिक विशेषज्ञ
अनेक समस्यायें
• ढ़ीला एवं चुभने वाला जबाड़ा
• निकले हुए दाँत की खाली जगह
• खाना चबाने में परेशानी
एक मात्र हल डेन्टल इम्पलान्ट द्वारा फिक्स दाँत
बिना चीरा, बिना दर्द, बिना टांके के आधुनिक इलाज
पूरे मुँह का एक्स-रे (OPG) की सुविधा उपलब्ध
रविवार अवकाश  समय- सुबह 11.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक सायं 5.00 बजे से सायं 7.30 बजे तक

S.D. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
THE S.D. DEGREE COLLEGE
ADMISSIONS OPEN
B.TECH
AI- ARTIFICIAL INTELLIGENCE
CSE- COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING
IT | ME | EE | ECE | CE
(फीस मात्र 25,000/- से शुरू)
DIPLOMA CSE | CE ME | EE
(फीस मात्र 10,000/- से शुरू)
MBA | M.TECH
(फीस मात्र 25,000/- से शुरू)
B.Sc | B.A. | B.Com | BCA*
(फीस मात्र 10,000/- से शुरू)
SDCET ENGINEERING
9258256931-39
www.sdcetmzn.org  Jansath Road, Muzaffarnagar (U.P.)





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बिहार मतदाता सूची में विदेशी नाम

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के दौरान निर्वाचन आयोग ने चौंकाने वाले खुलासे करने शुरू कर दिए हैं। बिहार में एसआईआर के दौरान घर-घर जाकर किए गए दौरे में बूथ लेवल अफसरों यानी बीएलओ को नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आए घुसपैठिये बड़ी संख्या में मिले हैं। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है, जो नेता, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के संविधान सम्मत कार्य पर रोक लगाने की याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट गये उन्हें सोचना चाहिए कि वे नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से अवैध रूप से आए घुसपैठियों को न केवल भारत में बसने बल्कि उनके वोट देने का रास्ता भी बना कर देना चाहते हैं। नहीं, किसी भी हाल में कोई भी विदेशी घुसपैठिया भारतीय वोटर नहीं बनना चाहिए, जो लोग इस मामले में तरह-तरह की दलीलें दे रहे हैं, उन्हें अपनी विचारधारा पर पुनर्विचार करना चाहिए। संविधान सम्मत है कि घुसपैठियों को वोटर नहीं बनाया जा सकता, जो नेता संविधान बचाओ का दम भरते हैं, उन्हें घुसपैठियों का न बचाव करना चाहिए न उन्हें वोटर बनने देना चाहिए। चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि 01 अगस्त 2025 के बाद, उचित जांच के बाद घुसपैठियों के नाम 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली अंतिम सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। उम्मीद है कि 30 सितंबर के बाद आयोग इस संख्या के आंकड़े भी उजागर करे। बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के तहत मतदाता गणना फॉर्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। अब तक 80 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने बारे में आवश्यक जानकारी यानी नाम, पता, जन्मतिथि, आधार नंबर, वोटर पहचान-पत्र नंबर सहित दर्ज कर फॉर्म जमा कर दिए हैं। हालांकि आयोग ने इस काम के लिए अंतिम तिथि 25 जुलाई तय की हुई है, लेकिन उम्मीद है कि तय समय सीमा से पहले ही ये काम पूरा हो जाएगा, जिन लोगों के नाम एक अगस्त को जारी होने वाली मतदाताओं की ड्राफ्ट सूची यानी मसौदा सूची में नहीं होंगे, तो वो क्रमशः मतदान रजिस्ट्रेशन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और फिर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर अपने प्रमाण-पत्रों के साथ दावा कर सकते हैं। वोटर्स की फाइनल लिस्ट 30 सितंबर को प्रकाशित होगी। चुनाव आयोग बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर कराने जा रहा है। अगस्त से इसकी शुरूआत हो सकती है। चुनाव आयोग ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था। अब जबकि घुसपैठिये मतदाता सूची में पकड़े गये हैं, तो एसआईआर पर उनकी मुखालफत को भी ढीला पड़ जाना चाहिए। इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी, क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी कर दिया है। इस मामले के एक वकील कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग हमेशा से मोदी सरकार के हाथों की कठपुतली रहा है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एक असंवैधानिक कदम है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बहुसंख्यकवादी सरकारें सत्ता में बनी रहें। ये बातें उन्होंने एक साक्षात्कार में कहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक निर्वाचन आयुक्त इस सरकार के साथ मिलीभगत करने में एक-दूसरे से आगे रहता है। विचार करने वाली बात यह है कि इन वकील की दलील अदालत में नहीं चली, ये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को असंवैधानिक बताकर उस पर रोक लगवाने सुप्रीम कोर्ट गये थे, मगर सुप्रीम कोर्ट ने रोक नहीं लगायी, क्योंकि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण संविधान सम्मत है। बिहार में इस मामले पर अहमकाना बयानबाजी चल रही है। पश्चिम बंगाल में भी हलचल है। पश्चिम बंगाल में अगले साल मई 2026 से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं। पश्चिम बंगाल में पहले ही 2025 में एक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण पूरा हो चुका है, लेकिन अब एसआईआर के तहत मतदाता सूची को नये सिरे से तैयार करने की बात से हंगामा बढ़ सकता है। ममता बनर्जी ने पहले ही तीखी प्रतिक्रिया दी थी। ममता ने इसे नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स यानी एनआरसी का बैकडोर इम्प्लीमेंटेशन करार दिया था। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने बिहार में एसआईआर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की है, जिसमें इसे बंगाल और अन्य राज्यों में लागू करने की आशंका जताई गई है। चुनाव आयोग का कहना है कि गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना है, जिसमें मृतकों, स्थानांतरित मतदाताओं और अवैध प्रवासियों के नाम हटाए जाएंगे। आयोग ने दावा किया कि यह प्रक्रिया पारदर्शी होगी और किसी भी पात्र मतदाता को सूची से हटाया नहीं जाएगा। इंडिया गठबंधन की नौ पार्टियों और सिविल सोसाइटी संगठनों ने इसे मतदाताओं, विशेषकर हाशिए पर रहने वाले समुदायों, को वोटिंग अधिकार से वंचित करने की साजिश बताया है। पश्चिम बंगाल में 2002 के बाद कोई एसआईआर नहीं हुआ है और आयोग ने वहां 22 वर्षों में मतदाताओं की संख्या में 66 प्रतिशत की असामान्य वृद्धि का हवाला दिया है। आयोग का कहना है कि यह वृद्धि मृतकों और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम न हटाए जाने के कारण हो सकती है। बिहार में एसआईआर को लेकर हुए बिहार बंद और विरोध प्रदर्शनों के बाद अब सवाल उठ रहा है कि क्या पश्चिम बंगाल में भी ममता बनर्जी इस मुद्दे पर आक्रामक रुख अपनाएंगी? कुछ भी हो एसआईआर का विरोध करने वाले, सुप्रीम कोर्ट का रुख देखकर और घुसपैठियों को मतदाता सूची में पकड़े जाने पर अपने विरोध को तीखा नहीं कर पाएंगे, वैसे भी चुनाव आयोग का यह कदम देशहित में है और संविधान सम्मत है। आने वाले दिनों में जब पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में घुसपैठिये पकड़े जाएंगे, तो यह बात और स्पष्ट हो जाएगी।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जिन्दगी' 'मंजिल' 'प्यार' 'वफा'

खुश किया कीजिये, खुश रहा कीजिये,जिन्दगी को तो ऐसे जिया कीजिये,
मौत मंजिल है इसके सिवा कुछ नहीं,और कुछ है तो इसका पता कीजिये।
प्यार ही प्यार हो और वफा ही वफा, दिल में इंसानियत की रहे रौशनी,
और कुछ भी नहीं है यहां कीमती,जिसका होता हो उसका भला कीजिये।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

जानसठ, 13 जुलाई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव कवाल के सामने ईट-भट्टे के पास जानसठ की ओर से अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सोहजनी तगान निवासी 38 वर्षीय सुनील पुत्र जयपाल शनिवार की शाम लगभग पांच बजे बाइक द्वारा जानसठ से अपने घर जा रहा था। गांव कवाल के सामने ईट भट्टे के पास पिछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने इसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल को सीएचसी जानसठ भिजवाया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां पर उपचार के दौरान रात लगभग 11 बजे सुनील की मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर स्वजन में कोहराम मच गया। कवाल चौकी प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि पिकअप चालक बाइक में टक्कर मार कर पिकअप को छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्वजन ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस पिकअप को कब्जे में लेकर थाने ले आई है। चालक की तलाश की जा रही है।

## मंत्री कपिल देव व चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। लायंस क्लब दिव्य एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मंत्री कपिल देव अग्रवाल व पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित करते हुए किया। इस दौरान यहां आए रक्तदाताओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस दान को महादान बताते हुए प्रोत्साहित भी किया। रविवार को भोपा रोड स्थित एसडी मेडिकल इंस्टीट्यूट में संपन्न ब्लड डोनेशन कैंप में मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, जो केवल एक व्यक्ति का जीवन नहीं, बल्कि एक पूरे परिवार की उम्मीद और विश्वास को जीवित रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही समाज में



सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना और अधिक प्रबल होती है। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिससे हम किसी की जिंदगी को बचा सकते हैं। एक यूनिट रक्त तीन लोगों को नया जीवन दे सकता है। ऐसे में हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। यह न तो हमें कमजोर बनाता है और न ही हमारे शरीर को कोई हानि पहुँचाता है, बल्कि यह हमारे भीतर मानवता की भावना को भी मजबूत करता है। इस दौरान मुख्य रूप से क्लब अध्यक्ष नन्द गोपाल बंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। रक्तदान कैंप में मुख्य रूप से सभासद सीमा जैन, संदीप सिंघल, गिरीश अग्रवाल, श्याम गुप्ता, डॉ. पीके चन्द, अनिल बिन्दल, राजकुमार अग्रवाल, राहुल गोयल, रजनीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## जैन संतों का चातुर्मास साधना का पावन पर्व: मीनाक्षी स्वरूप

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। जानसठ रोड स्थित एक बैंकट हॉल में सकल जैन समाज द्वारा आचार्य 108 भारत भूषण महाराज, मुनि 108 निर्वाण भूषण महाराज तथा मुनि 108 भव्य भूषण महाराज का वर्षायोग कलश स्थापना समारोह भव्य रूप से संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, सभासद सीमा जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने जैन मुनियों को नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार में श्री 1008 दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर चौड़ी गली नई मंडी की प्रबंध समिति और सकल जैन समाज द्वारा जानसठ रोड स्थित बैंकट हॉल में आचार्य 108 भारत भूषण महाराज के ससंघ चातुर्मास वर्षायोग कलश स्थापन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में सभी भक्त जैन संतों के दिव्य सान्निध्य का लाभ लेने पहुंचे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगरपालिका परिषद् की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जैन समाज की ओर से आयोजित यह समारोह हमारी सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत को संजोने का एक प्रेरणादायक प्रयास है। जैन समाज के ऐसे आयोजनों से सद्भाव और शांति का वातावरण बनता है, जिसकी आज अत्यंत जरुरत है। जैन संतों के चातुर्मास को उन्होंने साधना का पावन पर्व बताया। इस दौरान प्रबंध समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अमित जैन एडवोकेट, मंत्री अशोक जैन और कोषाध्यक्ष नवीन जैन कवाल ने पटका एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।



## अज्ञात युवकों ने अंधाधुंध गोली चलाकर सनसनी फैलाई

चरथावल, 13 जुलाई (बु.)। कस्बे के बाहरी छोर पर स्थित मल्हूवाला मौहल्ले में दिनदहाड़े फायरिंग से दहशत फैल गई। इंस्ट्राग्राम पर किए गए कमेंट्स को लेकर दो गुट आमने-सामने आ गए। उन्होंने अपमान मानते हुए इस मुद्दे को प्रतिष्ठा का सवाल बनाया। एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी गई। इसी रंजिश में एक गुट ने कस्बे में आकर दूसरे गुट के सामने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। रविवार शाम को दर्जनभर अज्ञात युवकों ने अंधाधुंध गोली चलाकर कस्बे के युवाओं को निशाना बनाया। लेकिन किसी को गोली नहीं लगीं। दो गुटों में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को लेकर विवाद हुआ था। इसी मुद्दे पर इंस्ट्राग्राम पर बहस छिड़ गई थी।



फायरिंग के बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल की। बताया कि कस्बे में स्थित कब्रिस्तान को कस्बे के युवाओं ने मल्लूपूरा के नाम से फेमस कर रखा है। यहां कुछ दिन बाद एक मैच का आयोजन होना था, लेकिन इस बीच दो गांव के दो गुटों में सोशल मीडिया पर कमेंट्स को लेकर रंजिश बढ़ गई। थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने बताया मामले की जांच गहनता से की जा रही है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। इंस्पेक्टर जसबीर सिंह आरोपियों का पता लगाने में जुट गए है।

## दहेज की मांग पूरी ना होने पर मारपीट कर घर से निकला

सिखेड़ा, 13 जुलाई (बु.)। महिला ने एसएसपी को शिकायती-पत्र देकर बताया की उसकी शादी थाना क्षेत्र के गांव भटोडा थाना सिखेड़ा में हुई थी। लड़के वालों की दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। एसएसपी को शिकायती-पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। लक्ष्मी ने एसएसपी को प्रार्थना-पत्र दिया। उसने प्रार्थना-पत्र देकर बताया कि उसकी शादी लगभग नौ साल पहले आकाश उर्फ सोनू पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम भटोड़ा थाना सिखेड़ा के साथ हुई थी। इस शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा खर्च कर आभूषण, नगदी व कीमती सामान दिया था। ससुराल वालों ने कुछ दिन बाद ही 10 लाख रुपए की अतिरिक्त की मांग शुरू करके मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। वह मेरे घरवालों से दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। उसने तहरीर में बताया कि उसका पति मई 2025 को मौहल्ले की ही लड़की को भगाकर ले गया था। सिखेड़ा पुलिस ने दोनों को 18 दिन बाद मथुरा से गिरफ्तार किया था। ससुराल वालों को यह सब बाते पता होने के बाद भी उन्होंने मुझे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जैसे-तैसे कर में घर पहुंची। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति आकाश उर्फ सोनू, ससुर लालू सिंह, ननद व देवरानी शालू और गौरव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्यवाई की जाएगी।

## सड़क की खराब गुणवत्ता पर ठेकेदार तलब, लगाई फटकार

**- चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने घर-घर जाकर किया जनसंवाद**
**- आश्वासन: रामलीला टिल्ला पर जल्द बनेगा एक ओपन जिम**

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। नगर में बारिश के बाद जलभराव के कारण जनता को हुई समस्याओं को समझने और उनका उचित व तकनीकी हल कराने की खातिर नगरपालिका चेयरपर्सन टीम के साथ लगातार ग्राउंड जीरो पर उतर कार्य करने में जुटी हैं। रामपुरी से जुड़े वार्डों रामलीला टिल्ला के दो वार्डों का पैदल भ्रमण करते हुए निरीक्षण किया। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप एवं ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह सभासदों और पालिका अधिकारियों के साथ रामलीला टिल्ला क्षेत्र में पहुंचे और वार्ड 9 एवं 12 के अन्तर्गत आने वाले मौहल्लों का निरीक्षण किया। इस बीच सड़क से घर तक पालिका टीम ने पहुंचकर महिलाओं और व्यापारियों से जन संवाद करते हुए समस्याओं को समझने का प्रयास किया। वार्ड में पालिका द्वारा बनाई जा रही सीसी सड़क और नाली के निर्माण में मानक और गुणवत्ता की कमी की शिकायत पर मीनाक्षी स्वरूप ने ठेकेदार को तलब करते हुए निम्न गुणवत्ता को लेकर फटकार लगाई और एई निर्माण नैपाल सिंह को मौके पर जांच के लिए भेज कर रिपोर्ट मांगी। गुणवत्ता खराब पाये जाने पर ठेकेदार के भुगतान से कटौती करने एवं ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी भी दी। वार्ड 9 में नियमित सफाई न होने का मामला सामने आने पर उन्होंने सफाई नायक को मौके पर तलब किया। वार्ड में 12 सफाई कर्मी होने के बाद भी शिकायत बने रहने पर सफाई नायक को सख्त चेतावनी के साथ कार्य प्रणाली सुधारने के लिए कहा गया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय शाही को सफाई की नियमित मॉनीटरिंग करते हुए रिपोर्ट तलब की। यहां लोगों के बीच ही जल निकासी को प्रभावी व सुदृढ़ बनाने के लिए भी अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप व भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने विस्तृत चर्चा की और समस्याओं को समझने का प्रयास किया। जिला अस्पताल से शुरू होकर लद्दावाला से रामलीला टिल्ला तक पहुंचने वाले नाले की तली झाड़ साफ कराने की मांग की। इसके लिए उन्होंने एई जल सुनील कुमार को नाले का निरीक्षण करते हुए उसकी सफाई के लिए त्वरित कार्य प्रारम्भ करने और पूर्ण रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही रामलीला टिल्ला पर प्रतिदिन व्यायाम के लिए मॉर्निंग वॉकर्स और जन सामान्य के लिए एक ओपन जिम व सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने के निर्देश दिये। जेई निर्माण कपिल कुमार ने बताया कि यहां पर ओपन जिम का प्रस्ताव पास है, इसके लिए जल्द काम शुरू हो जायेगा। इस दौरान भाजपा नेता सुनील दर्शन, सुधीर खटीक, कंवर पाल, राधे वर्मा, सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा व नगर पालिका के अधिकारी मौजूद रहे।



### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र उत्कर्ष कौत्स व पुत्रवधू शोभा कौत्स हमारे व हमारे परिवार के कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए, हमने अपने पुत्र उत्कर्ष कौत्स व पुत्रवधू शोभा कौत्स से अपने सभी सम्बंध विच्छेद करते हुए, उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद हमारा उत्कर्ष कौत्स व उसकी पत्नी शोभा कौत्स से कोई सम्बंध किसी प्रकार का नहीं है। उनके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन अथवा वाद-विवाद के लिए हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

श्रीमति मधु कौत्स पत्नी श्री प्रबोध कौत्स
व प्रबोध कौत्स पुत्र श्री निरंजन देव
निवासी- आदर्श कॉलोनी, सरवट, मुजफ्फरनगर

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अमरजीत उर्फ टिंकू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। उसका उठना-बैठना गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ है और उसका आचरण मेरे व मेरे परिजनों के विरूद्ध कठोर हो गया है। मैंने इसकी गलत हरकतों को देखते हुए, अपने पुत्र से अपने सभी प्रकार के सम्बंध-विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा अपने पुत्र, अमरजीत उर्फ टिंकू से, आज के बाद कोई मतलब वास्ता नहीं होगा। मेरा उक्त पुत्र अपने किसी भी प्रकार के लेन-देन एवं आपराधिक कृत्य के प्रति स्वयं जिम्मेदार होगा।

मदनपाल पुत्र रूहेला
निवासी-ग्राम लखान, थाना-तितावी,
तहसील-सदर, जिला- मुजफ्फरनगर

## बुलेटिन कार्यालय पर बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने आये आप सभी गणमान्य लोगों का हार्दिक आभार



## डॉग स्क्वायड टीम ने अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का किया दौरा

बुढ़ाना, 13 जुलाई (बु.)। कांवड़ यात्रा 2025 को निर्विघ्न तथा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा आज रविवार के दिन डॉग स्क्वायड, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्रायड और एएस चैक टीम के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में स्थित मंदिरों, कांवड़ शिविरों और कांवड़ मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ यात्रा 2025 को निर्विघ्न तथा सकुशल सम्पन्न कराने एवं कानून और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिये मुजफ्फरनगर पुलिस पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। इसी क्रम में जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल के नेतृत्व में आज रविवार के दिन मुजफ्फरनगर पुलिस द्वारा डॉग स्क्रायड, बॉम्ब डिस्पोजल स्क्रायड और एएस चैक टीम के साथ बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में कई स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा कांवड़ मार्ग पर संचालित कांवड़ शिविरों, खोया-पाया केन्द्र, आस-पास खड़े वाहनों, मंदिरों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सघन चेकिंग की गयी तथा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या कोई भी वस्तु दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील बुढ़ाना क्षेत्र के लोगों से की गयी।

## पुलिस ने गंतव्य की ओर बढ़ते कांवड़ियों की पूछी कुशलक्षेम

**- भरी गर्मी में शिवभक्तों को जलपान भी कराया**

बुढ़ाना, 13 जुलाई (बु.)। स्थानीय पुलिस द्वारा रविवार की सुबह शिव भक्त श्रद्धालुओं को जलपान वितरित करते हुए सभी श्रद्धालुओं से उनकी कुशलक्षेम पूछी गयी कि उनको किसी भी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं है, जिस पर सभी कांवड़ियों ने पुलिस के इस कार्यक्रम की प्रशंसा की। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा शिवभक्त श्रद्धालुओं की सुरक्षा और हरसंभव मदद करने के निर्देश विगत् दिवस एक मीटिंग के दौरान बुढ़ाना पुलिस को दिये गये थे। इसी क्रम में आज रविवार की सुबह बुढ़ाना पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र बुढ़ाना में शिव भक्त श्रद्धालुओं को फ्रूटी वितरित की गयी तथा सभी से उनकी कुशलता पूछी गयी। हर्षोल्लास के वातावरण में बम भोले के नारे लगाते हुए यात्रा को आगे बढ़ाया गया। पुलिस द्वारा शिव भक्त श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा की कामना की गयी और साथ ही शिवभक्त श्रद्धालुओं को बताया गया कि महत्वपूर्ण फोन नम्बर हाइवे पर थोड़े-थोड़े अंतराल में अंकित हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपरोक्त नम्बरों अथवा 112 नंबर को डायल करें, तुरन्त जनपद मुजफ्फरनगर की पुलिस द्वारा आपकी तत्काल सहायता की जाएगी। मुजफ्फरनगर पुलिस आपकी सेवा सुरक्षा के लिए रात-दिन तत्पर है।



## तहसील मार्किट के व्यापारियों के बीच पहुंचे गौरव स्वरूप

मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)। भगत सिंह रोड पर स्थित पुरानी तहसील मार्किट के बेसमेंट में बीते दिनों जलभराव के कारण हुए व्यापारियों के नुकसान के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने मार्किट के व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने के साथ दुकानों में हुए नुकसान की जानकारी ली और भरोसा दिलाया कि उक्त समस्या के समाधान के साथ ही वो शासन स्तर से संभव मुआवजा या राहत दिलाने का भी प्रयास करेंगे। बीते दिनों नगर क्षेत्र में हुए जलभराव से जुड़ी समस्याओं पर व्यापारियों ने बताया कि बीते तीन दिनों की बारिश के कारण भगत सिंह रोड की बेसमेंट में बनी दुकानों में 7-8 फीट तक पानी भर गया था, जिससे दुकानदारों का सामान भीग जाने के कारण भारी नुकसान हुआ है। समस्या सुनने के बाद गौरव ने कहा कि मार्किट में बेहतर जल निकासी के लिए पालिका परिषद् की ओर से व्यवस्था बनाने का काम किया जायेगा। इसमें ड्रेनेज सिस्टम को सुव्यवस्थित बनाने के जो सुझाव व्यापारियों ने दिए हैं, तकनीकी अधिकारियों के साथ उन पर चर्चा करते हुए काम कराया जायेगा। गौरव स्वरूप ने कहा कि इन दुकानों के नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए वे शासन-प्रशासन के समक्ष मामला उठाएंगे।

# वही धन, वही साहित्य, वही वैभव और वही यश बेहतर है जो मां गंगा की तरह सबका हित करे : उमेश मिश्र

## मैं सौभाग्यशाली हूं जो मुझे गौ सेवा से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, इसके लिए मैं अंकुर को धन्यवाद देता हूं



**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** सर्वप्रथम मैं नमन करता हूं उस महान आत्मा को, जिन्होंने साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में मुजफ्फरनगर को नई दिशा दी। आने वाली पीढ़ियों को यह समझाने का प्रयास किया और वह सफल भी रहे कि व्यक्ति के हित से बढ़ करके समाज और राष्ट्र का हित होता है और शायद साहित्य का भी यही उद्देश्य भी है। हमारी यह मान्यता है कि "कीरति भनिति भूति भलि सोई, सुरसरि सम सब कहँ हित होई" वही धन, वही साहित्य, वही वैभव और यश बेहतर है कि वो गंगा की तरह सबका हित करे। मैं ऐसी महान आत्मा को बार-बार प्रणाम करता हूं। यहां उपस्थित सभी लोगों से प्रार्थना भी करता हूं कि संसार में हर व्यक्ति को जाना है। देखिये कोई भी व्यक्ति जो यहां से जाता है, 'यशाकाय' जो यश रूपी उसकी काया है, वो उसके बाद भी रह जाती है। जब हम ऐसे महान लोगों को स्मरण करते हैं, तो हमें ऐसे कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है। जनपद का कोई भी व्यक्ति सुबह उठता है, तो देखता है कि बुलेटिन की खबर क्या है? इसको पढ़ा जाये। जनपद की नब्ज पता चलती है। यह कार्य करने के लिये बड़ी निष्पक्षता और बड़ी हिम्मत, एक कर्तव्य निष्ठा की जरूरत है। इसके लिये मैं अंकुर जी को बधाई देता हूं। शुभकामनायें देता हूं कि यह जो जिम्मेदारी आपको मिली है, उसका पूरी जिम्मेदारी के साथ आप निर्वहन भी कर रहे हैं। मैं पुनः महान आत्मा को प्रणाम करते हुए, गौसेवा का उनका जो विजन है, जो उनकी सोच है, उस पर दो शब्द कहना चाहूंगा। उन्होंने बहुत पहले मुझसे यह कहा था कि हम इस क्षेत्र में बहुत पहले से काम कर रहे हैं। मेरा मानना है कि भारतीयता को समझना है, हमारे उद्देश्यों की भावनाओं को समझना, हमारे विजन को समझना, मनुष्यता के अर्थ को समझना पवित्र गंगा और गाय दोनों के महत्व को समझना पड़ेगा। हम कहीं ना कहीं अपने सपनों के दायित्व के निर्माण में चूक गये हैं। इसके कुछ दुष्परिणाम हमारे ही सामने हैं। हमारे एक मित्र हैं, जो विदेश में रहते हैं। उन्होंने बताया कि हमारी जो गायें हैं, जिनकी ब्रीड होती है साहीवाल, हमारी देशी गाय इनकी सूर्य नाडी में इतना गुण होता है कि अगर इन पर हाथ फेरते हैं, तो हमारे जो वाइटल ऑर्गन्स हैं, डाक्टर जो यहां बैठे हैं। सीधे बॉडी पर इफेक्ट डालता है। हम जब बचपन में छोटे थे, तो हमें यह समझ नहीं आता था कि हमारे बुजुर्ग गाय पर हाथ क्यों फेरते हैं? आप लोगों को याद होगा कि अभी भी एक आदत है कि कुछ लोग गाय पर हाथ फेरते हैं। उसका कुछ मतलब होता था। हमने गाय को अपने जीवन में इतना महत्व दिया, वो अनायास नहीं है और ये जो आपका प्रयास है, कहीं ना कहीं सर्व भूत हिते रतः का भाव है। हमारी गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि हम सर्व कल्याण करेंगे तो हमारा उसमें अपने आप का कल्याण ही होगा तो भाव से अंकुर जी कर रहे हैं। मैं इसकी उनको बधाई देता हूं और इस अभियान से जुड़े सारे लोगों को हृदय की गहराई से धन्यवाद करता हूं कि आपका यह जो प्रयास है, क्योंकि जब हम लोग अच्छे प्रयास के लिये निकलते हैं, तो लोग जुड़ते जाते हैं और अच्छाई, बुराई, इमानदारी, बेईमानी, नैतिकता यह सब संक्रामक होती हैं। जब जिम्मेदार लोग अपनी ही जिम्मेदारी अपने ही घर में निर्वहन करने लगते हैं, तो समाज का कल्याण नहीं हो सकता जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी समझ करके, जब आगे निकलते हैं, तो उस समाज से गलतियां खत्म होती हैं, बुराइयां खत्म होती हैं। हर व्यक्ति से उस समाज से व्याधियां खत्म होती हैं। आज हम लोग इस आत्मघाती चिंतन में पहुंच गये कि भाई हमसे क्या मतलब, अगर जिम्मेदार लोग इस बात को समझना शुरू कर दें, तो समाज के पतन को कोई रोक नहीं सकता। जो भी व्यक्ति समाज की बेहतरी के लिये राष्ट्र की बेहतरी के लिये अच्छे विचारों को आगे लाने के लिये मेहनत करें, आगे बढ़ें, हिम्मत करें तो उसके पीछे सभी को बड़ी मेहनत के साथ खड़ा होना चाहिये। उनके संरक्षण के लिये अंकुर जी का यह काम उसी स्तर का है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे भी इस अभियान में मुख्यतः जोड़ा। मैं हृदय की गहराई से आपका धन्यवाद करता हूं और सभी लोगों को, जिन्होंने इस अभियान में इनका सहयोग किया। इनका मनोबल बढ़ाया है, उन सभी का मैं भी उनके मनोबल को आगे बढ़ाते हुए उनको प्रणाम करता हूं कि आप लोग ऐसे ही आगे बढ़ने का प्रयास करते रहें। हमारा देश दान के लिये त्याग के लिये बलिदान के लिये ही जाना जाता है। हम आत्मार्थ ना करके परमार्थ करने वाले लोग हैं और हमारी भावनायें ना मरे हमारे संस्कार ना मरे इसके लिये हम सभी को आगे आना पड़ेगा। पुनः मैं बाऊजी को नमन करते हुए उनको अपनी श्रद्धांजली अर्पित करता हूं और भगवान से प्रार्थना करता हूं कि हम सभी अपने दायित्व का पूरी इमानदारी से निर्वहन करते रहें। समाज में हमारा जो भी हमारा रोल है, उसको पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा से निर्वहन कर सकें। पुनः उनको बारम्बार प्रणाम करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं।

## आप सब लोगों के सहयोग से इस नगर को निस्वार्थ भाव से उत्तम नगर बनाने का संकल्प लेता हूं : अंकुर दुआ



मुजफ्फरनगर। आज बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने उत्तम गौ सेवा वाहन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि समाज के लिए कोई भी सार्थक कार्य करने के लिए जिस तरह स्व. बाबूजी तैयार रहते थे, उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए इस नगर को हम सबको मिलकर उत्तम नगर बनाना होगा। उन्होंने बताया कि किस तरह से अपने लगभग 80 हजार पाठकों से जुड़कर जन्माष्टमी के दिन से अपने कान्हा बने नन्हें बच्चों का 251 रुपये शुल्क लेकर पिछले आठ माह में करीब आठ लाख रुपये इकट्ठा किया गया। बड़ी बात यह रही कि गौ सेवा में योगदान के लिए बुलेटिन द्वारा कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाया गया। जिसकी जितनी क्षमता हुई, जिसने जितना दिया उसे सिर माथे लगाकर छोटे-छोटे योगदान से आज एक बड़ा वाहन खड़ा कर दिया गया। उक्त वाहन घर-घर जाकर रोटी, घास, फल, घायल गौवंशों के लिए रुपया, पैसा इकट्ठा कर बेजुबानों को संरक्षण देने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष मेरठ रोड पर उत्तम गार्डन बनाया गया था और इस बार गौ सेवा वाहन चलाया गया है। निकट भविष्य में राजनीतिक लोगों, अधिकारियों के सहयोग से नगर की सड़कों, बिजली, पानी की व्यवस्था को ठीक करने का संकल्प हमेशा बुलेटिन दोहराता रहेगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोग अपने खिलाफ किसी भी समाचार को न समझें, समाज हित में राजनीतिक लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य और नगर को उत्तम नगर बनाने के उद्देश्य से अपनी कलम की धार को बुलेटिन इसी प्रकार रखेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिस ईमानदारी के रास्ते पर बाबूजी ने चलना सिखाया, उसी ईमानदारी के पथ पर चलकर आज बुलेटिन पाठकों के रूप में भी नम्बर वन पर है। आज बुलेटिन के पास 79 हजार पाठक हैं और पूरे भारत में चार पृष्ठों का अकेला स्थानीय रंगीन समाचार पत्र है। उन्होंने बताया कि ईश्वर की ऐसी कृपा है कि बुलेटिन ने कभी किसी के दर पर जाकर विज्ञापन की गुहार नहीं लगाई। अपने शानदार सर्कुलेशन के दम पर ग्राहकों को विज्ञापन का शानदार रिस्पॉन्स दिखाकर बुलेटिन काउंटर पर ही विज्ञापनों की बुकिंग एडवांस में हो जाती है। बाबूजी की इस गरिमा को लगातार बुलेटिन ने बरकरार रखा है। इसी के साथ-साथ पुण्यतिथि पर उन्होंने नगर के विकास के साथ-साथ ईमानदारी का भी संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि उनकी पैसे में बहुत अधिक आस्था नहीं है, सबसे बड़ा सुख निरोगी काया और आपसी सामंजस्य रखने वाला परिवार होता है। ऐसे में वे कभी पैसे की ललक में पथभ्रष्ट नहीं होंगे, न ही अपने स्वर्गीय बाबूजी उत्तम चन्द्र शर्मा जी का नाम खराब करेंगे और न ही अपने पिता श्री रमेश साईं जी का। निरंतर समाज सेवा में निःस्वार्थ भाव से खड़े होना बुलेटिन का मकसद है, फिर चाहे समाज हित के लिए किसी से भी क्यों न लड़ना पड़े, इसके लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। बुलेटिन की बेबाक कलम बाबूजी के समय से भी दोगुनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ाने का काम करते रहेंगे।


## जिलाधिकारी के कर कमलों से हुआ उत्तम गौ सेवा रथ का भव्य शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** रविवार को बुलेटिन कार्यालय से जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने उत्तम गौ सेवा वाहन का भव्य शुभारम्भ किया। लगभग साढे छह लाख रुपये की लागत से तैयार हुआ उत्तम गौ सेवा वाहन देखकर स्वयं जिलाधिकारी ने इसकी प्रशंसा की और कहा कि इस नेक कार्य में अपना योगदान देना अपने आपमें अहम बात है। हमारी संस्कृति के अनुरूप हमें पवित्र गंगा और गाय दोनों के महत्व को समझना होगा। इस अवसर पर उद्घाटन करते हुए उन्होंने उत्तम गौ सेवा वाहन पर रखी कृत्रिम गाय का विधिवत् पूजन किया। तिलक और आरती कर नारियल फोड़कर वाहन को हरी झण्डी दिखाते हुए इसका संचालन किया। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने गौ माता के चरणों में शीष नवाया।






























बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर पुष्पांजलि देने पहुंचे नगर के गणमान्य लोग व उत्तम गौ सेवा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते डीएम उमेश मिश्र

## उत्तम गौसेवा के दो पुंगनूर गायों के जोड़ों सहित गौभक्तों ने किया दूसरा वाहन बनाने के लिए हजारों रुपये का दान

### उद्योगपति सतीश गोयल ने अगली पुण्यतिथि तक दो पुंगनूर गाय भेंट करने का आश्वासन दिया

**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पधारे नगर के गणमान्य लोगों ने 500 से लेकर हजारों रुपये का दान किया और उत्तम गौ सेवा वाहन को देखकर उसकी प्रशंसा करते हुए अगले वाहन में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। एक ओर नगर के प्रसिद्ध उद्योगपति सतीश गोयल ने एक जोड़ा पुंगनूर गाय का, जोकि 6-7 लाख रुपये की कीमत का होता है, उत्तम गौ सेवा में एक वर्ष के अंदर देने की घोषणा की। वहीं गांधी टेंट हाउस के पंकज जैन ने 17 जुलाई को अपने पिता की पुण्यतिथि पर 31000 की सेवा दी, वहीं पंजाबी समाज समिति रजि. की ओर से 11000 रुपये उत्तम गौ सेवा में भेंट किये गए। शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम द्वारा 11000, 5100 रुपये शाहपुर समाजसेवी श्यामपाल भाई जी, 5100 रुपये अमरीश सिंघल, सोमेन्द्र प्रवीण कुमार द्वारा 11000 रुपये, श्रीराम इण्डस्ट्रीज के मालिक वीशू तायल द्वारा 11000 रुपये, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल के पुत्र अभिषेक अग्रवाल द्वारा 3100 रुपये, श्री श्याम परिवार सुखी परिवार द्वारा 5100 रुपये, 3100 रुपये राजू अग्रवाल जेपी स्टील द्वारा, 1100 रुपये गुप्त दान व उत्तम गौ सेवा वाहन की गुल्लक में 3200 रुपये का गुप्तदान किया गया।




## डीजे वाहन मानकों के अनुरूप रखने के दिए निर्देश




**मुजफ्फरनगर, 13 जुलाई (बु.)।** एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा कांवड़ यात्रा में शामिल डीजे वाहनों को प्रशासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने के लिए चैकिंग कराई गयी। इसी के क्रम में उत्तराखंड की सीमा पर कांवड़ यात्रा में शामिल डीजे वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कराया गया। आपको बता दें कि रविवार को एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा थानाक्षेत्र पुरकाजी के अन्तर्गत उत्तर-प्रदेश, उत्तराखण्ड सीमा पर जिले में प्रवेश करने वाले डीजे वाहनों के संचालकों से बातचीत कर उन्हें शासन द्वारा निर्धारित की गयी डीजे की ऊंचाई व चौड़ाई के सम्बन्ध में जारी मानक व दिशा-निर्देशों के विषय में बताया गया। पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा को सुरक्षित व दुर्घटना मुक्त कराने हेतु मानकों से बड़े डीजे वाहनों को मानकों के अनुसार कराकर जनपद सीमा में प्रवेश दिया गया। शासन द्वारा डीजे वाहनों की 10 फुट ऊंचाई तथा 12 फुट चौड़ाई निर्धारित की गयी है। एसपी सिटी द्वारा सभी डीजे संचालकों से बातचीत कर उन्हें निर्देशित करते हुए बताया कि डीजे का ध्वनि स्तर 75 डेसीबील से अधिक न हो। यदि डीजे वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप होंगे तो धार्मिक श्रद्धा और कानून व्यवस्था दोनों को संतुलित रखा जा सकेगा। यदि कोई डीजे वाहन नियमों के विरुद्ध पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## शेष : निडर व निर्भीक पत्रकारिका के धनी स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा को नगर के गणमान्य लोगों ने दी विनम्र श्रद्धांजलि


लेता था, तो वह उनका होकर रह जाता था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शर्मा जी ने स्वच्छ एवं निर्भीक पत्रकारिता करते हुए अपनी लेखनी के दम पर मुजफ्फरनगर जैसी छोटी जगह से बुलेटिन की छाप छोड़ने में कामयाब रहे। उनको यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनके दामाद अंकुर दुआ उनके द्वारा छोड़े कार्यों को अमली जामा पहनाते हुए मुकाम तक पहुंचाएं।



जिले के वरिष्ठ पैथोलोजिस्ट **डॉ. अशोक अग्रवाल** ने कहा कि पिछले 55 वर्षों से स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा के साथ सगे भाई जैसा व्यवहार रहा, मुझे रात को भी कोई कार्य हुआ तो उन्होंने उसका तुरंत निदान कराया।



बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ के **पिता रमेश साईं** ने अपने उद्बोधान में कहा कि उनका शर्मा जी के परिवार से रिश्ता जुड़ने का सदैव गर्व रहेगा, क्योंकि जिस निष्पक्षता के साथ शर्मा जी ने समाज में मिसाल कायम की है, वह काबिले तारीफ है और वे आशा करते हैं कि अंकुर भी जिस तरह से बुलेटिन की साख को बरकरार रखे हुए है, आने वाले समय में भी इसी तरह समाजहित में कलम की धार और तेज होती रहेगी।



**वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एमके बंसल** ने अपने संबोधन में कहा कि बीत चार दशकों से उनका स्व. श्री शर्मा जी से घनिष्ठ संबंध था। शर्मा जी उनसे सदैव किसी न किसी मुद्दे पर सलाह मशवरा करते थे। डॉ. बंसल ने कहा कि उनके जाने से पत्रकारिता जगत में एक कमी आई है, जिसे पूरा कर पाना तो असंभव है, लेकिन उनके सपनों को उनके दामाद अंकुर दुआ ने दिन रात मेहनत के बल पर नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए जो कार्य किया, वास्तव में सराहनीय कदम है, आज बुलेटिन समाज के 80 हजार लोगों के बीच है, यह बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि स्व. श्री शर्मा को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज हित में सहभागी बने।



**वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पंकज जैन** ने अपने स्मरण साझा करते हुए कहा कि वे सदैव दूसरे के सहयोग के लिए तैयार रहते थे। उन्होंने एक स्मरण सुनाते हुए कहा कि जब वे जिला चिकित्सालय में चिकित्सक के पद पर थे तो उनके समक्ष कुछ परेशानी आई, उस वक्त श्री शर्मा जी ने उनके घर पहुंचकर उनकी समस्या का निदान कराया था। ऐसी हुतात्मा को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा में अग्रसर रहें।



पुष्पांजलि सभा में पहुंचे प्रदेश के **कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार** ने कहा कि उन्होंने स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा से अपने पहले चुनाव से पूर्व ही आशीर्वाद लिया था। उन्होंने उस वक्त जो निर्देश दिए थे, उनके पालन करने से ही मुझे जीत मिली।



**मंत्री कपिलदेव अग्रवाल** ने कहा कि बीते 35 वर्षों से उनका और स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी के परिवार से घनिष्ठ संबंध रहा है। अपने जीवन काल में समय-समय पर वे उन्हें दिशा-निर्देश भी देते थे व गलती होने पर डांटते भी थे। उन्होंने कहा कि मैं बाऊजी का पिता तुल्य सम्मान करता था। स्व. शर्मा जी ने एक चार पेज के अखबार में ऐसी तीखी खबरें दी, जो लोगों के अंदर तक वार करती थी, जो वास्तव में शर्मा जी की लेखनी का कमाल था कि बड़े-बड़े अखबारों के सामने भी उनका चार पेज का ब्लैक एंड व्हाईट अखबार छाती ठोंक कर सामने खड़ा रहा। अब उनकी विरासत को अंकुर दुआ बखूबी संभाल रहे है और मुझे उम्मीद है कि वो अपनी लेखनी की धार से भविष्य में मुजफ्फरनर बुलेटिन को और अधिक गति देते हुए नई ऊंचाईयों तक लेकर जायेंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के साथ ही अंकुर दुआ ने जो गौ सेवा का बीड़ा उठाया है, वह प्रसंशनीय है, इस उत्तम सेवा रथ के माध्यम से गौ माता की और अधिक सेवा हो सकेगी, क्योकि नगरीय क्षेत्र के विभिन्न घरों से जो रोटी एकत्र होकर आएगी, उससे भी निराश्रित गौ माता को भोजन प्राप्त होगा। हम सभी को इस सेवा में योगदान देना चाहिए।



**चरथावल विधायक पंकज मलिक** ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वे छात्र जीवन से बाऊजी से बड़ा प्रभावित रहा हूं। मेरे पिता सपा सांसद हरेन्द्र मलिक ने मुझे अनेकों बार शर्मा जी के बारे में बताया और मै स्वयं भी अनेकों बार शर्मा जी से कार्यालय में मिला तो उन्होंने हमेशा मुझे सकारात्मक विचार दिए। उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी, ऐसी स्वर्गीय आत्मा को मैं नमन करता हूं।



**सपा नेता प्रमोद त्यागी** ने कहा कि स्वर्गीय उत्तम चन्द्र शर्मा उम्र में उनसे बड़े थे, लेकिन वे उनके साथ मित्रवत व्यवहार रखते थे। उन्होंने कहा कि यह मुजफ्फरनगर बुलेटिन के लिए गर्व की बात है कि स्व. शर्मा जी ने कभी किसी से विज्ञापन नहीं मांगा, अपितु विज्ञापन उनके पास स्वयं चलकर आया, जो उनके व्यवहार व लेखनी का परिणाम था। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी रहे स्व. शर्मा जी को प्रणाम करता हूं और उनके दामाद अंकुर दुआ इसे और सशक्त बनाएंगे, यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि दी। पूर्व मंत्री व सांसद सईदुज्जमां ने कहा कि स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा मेरे सहपाठी रहे, जिन्होंने सदैव अपनी लेखनी के बल पर पहचान बनाई और जनपद के विकास व बदलाव की दिशा में शासन-प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों की बुराइयों को उजागर करते हुए नई सीख दी।



**भाजपा नेता गौरव स्वरूप** ने कहा कि मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार से हमारे पारिवारिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र वास्तव में एक आईने का काम करता है, जिसमें जो नगर पालिका की गलतियां किसी भी तरह से प्रकाशित होती है तो उन पर हमें कभी गुस्सा नहीं आता, अपितु उस कमी को ऐसे में सुधारने का मौका मिलता है। उन्होंने स्व. श्री शर्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने पिताजी पूर्व मंत्री स्वर्गीय चितरंजन स्वरूप जी के बाऊजी से नजदीकी संबंधों को जिक्र किया।



**पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार** ने बाबूजी के समाचार पत्र में दिये गए हैडिंगों की याद दिलाते हुए उन्होंने बताया कि नगर पालिका के चुनाव का वो हैडिंग मुझे याद है शम्भू के तम्बू उड़े, चित्तो चित्त, लक्ष्मी की जीत जैसे हैडिंग चर्चा का विषय रहा करते थे। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने आज भी बुलेटिन के समाचारों की धार को तेज रखा है, जो आज का सबसे मुश्किल काम है। नेताओं और प्रशासन की बुराई लेकर भी बाबूजी के समय से ही बुलेटिन ने समाजहित सर्वोपरि रखा।



**सरदार सुखदर्शन सिंह बेदी** ने श्रद्धांजलि सभा में अपनी भाव पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पत्रकारिता के साथ समाज हित में जो कार्य किए, उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। आज उनके पद चिन्हों पर चलकर बुलेटिन संपादक के रूप में अंकुर दुआ भी आगे बढ़ाने का काम करने में लगे हैं।



**भाजपा नेता अशोक बाठला** ने कहा कि उन्होंने पत्रकारिता के साथ पंजाबी समाज को एक मंच पर लगाने का काम किया और समाज को हमेशा जोड़े रखने की बात कही। पत्रकारिता में जिस निर्भीकता से उन्होंने कार्य किया, उसी से समाज का हित होता चला गया।



पूर्व **राज्यगृहमंत्री सईदुज्जमा** ने बताया कि उत्तम चन्द्र शर्मा मेरे साथ ही पढ़ा करते थे और एक आम व्यक्ति इतना खास हो जाएगा, यह सब उनकी अपनी मेहनत के दम पर था। कभी भी किसी नेता अथवा अधिकारी से बिना डरे समाचार प्रकाशित करने का काम हमेशा शर्मा जी ने किया और इस पत्रकारिता के दम पर ही समाज में हो रही बुराईयों को दूर कराने का काम किया।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका की चेयरमैन अंजू अग्रवाल, भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, रामफल सिंह पुण्डीर एड. ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री सईदुज्जमां, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, विकास स्वरूप बब्बल, अजय स्वरूप बंसल, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार, विजय शुक्ला, सचिन सिंघल, अशोक बाठला, पूर्व सभासद विकल्प जैन, अनिल ऐरन, विनय गुप्ता, जितेंद्र नामदेव, वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रेमी छाबड़ा, पवन छाबड़ा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, सुनील तायल, अतुल सैनी, कमल कांत एड, घनश्याम भगत, अचिन सागर, मनीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, प्रमुख समाजसेवी एवं उद्यमी भीम कंसल, सतीश गोयल, राकेश बिंदल, कुश पुरी, नील कमलपुरी, कार्तिक जैन, देवराज पंवार, अशोक अग्रवाल, सत्य प्रकाश रेशु, विप्लव जैन, वरिष्ठ सपा नेता राकेश शर्मा, विश्वदीप बिट्टू, कीर्ति भूषण शर्मा, व्यापारी नेताओं में मुख्य रूप से दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मित्तल, भाजपा नेता अचिंत मित्तल, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, कृष्णगोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, राकेश गर्ग, स. बलविंदर सिंह, राहुल गोयल, शलभ गुप्ता, पवन बंसल, आकाश गर्ग, जितेन्द्र कुच्छल, अकुल अग्रवाल, विशाल गर्ग, अभिनव अग्रवाल, जसप्रीत सिंह जेपी, हरीश गोयल, अजय मदान, निशांत जैन, भारत भूषण अरोरा, ओमप्रकाश गर्ग, राजेश पाराशर, पंजाबी समाज के स. सुखदर्शन बेदी, सरदार अमर जीत सिंह सिड़ाना, अशोक डोडा, प्रमोद अरोरा, बाल बहादुर, अनिल धमीजा, प्रवीण खेड़ा, सागर वत्स, यश कपूर, कुलभूषण बजाज, विनोद डाबर, अजीत खुराना, ओमी छाबड़ा, दिनेश भगत, अजीत खुराना, अशोक छाबड़ा, हिन्दू संगठनों से जुड़े संजय अरोरा, पूनम चौधरी, अंजू त्यागी, नूपुर त्यागी, अलका शर्मा, सरिता शर्मा अरोरा, देवभूमि ग्रुप से सुमित रोहल, अभिनव गोयल जेई विद्युत, राकेश झाम्ब, श्याम सिंह सैनी, वरिष्ठ टैक्स अधिवक्ता एनके अरोरा, अमरकांत गुप्ता, वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद त्यागी, ठा. रामफल पुंडीर, शलभ कौशिक, डॉ. आशुतोष शर्मा, अशोक डोडा, हासानन्द शर्मा, प्रीतम कुमार, अश्वनी रहेजा, राजू रहेजा, महात्मा सर्वानन्द पुरी जी, वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमके बंसल, डॉ. एसकेडी भारद्वाज, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. एमएल गर्ग, डॉ. सुधीर लूथरा, डॉ. पंकज जैन, शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाईजी, हाजी साहिद त्यागी, आरएसएस नेता मणिकांत मित्तल, मुरसलीम प्रधान, वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र चौधरी, अरविंद भारद्वाज, ऋषिराज राही, राकेश शर्मा, विनोद पाराशर, दीपक वत्स, सुनील उत्सव, अनुज मुद्गल, तरुण पाल, संजीव चौधरी, आशीष यादव, लोकेश भारद्वाज, अरविंद चहल, संदीप रंजन, रोबिन सिंघल, आशीष कुमार, राजू सिंह, नवनीत कौशिक, शिवम जांगिड, प्रशांत खत्री, संदीप वत्स, अब्बास, एसके बिट्टू, पूर्व सभासद लक्ष्मण सिंह, अनिल तायल, राधेश्याम त्यागी, रमन शर्मा, बुलेटिन परिवार से जुड़े जुनैद अहमद, विकास त्यागी सपरिवार, प्रथम भगत, विकास शर्मा, श्याम कुमार, गौतम, बलवान सिंह, अक्षत सरोत्री, अलका शर्मा, पूनम वर्मा, मेघा गुप्ता, आशीष कुमार, सुनील कुमार, फूलेना यादव, सुरेश, सोनू, कुलदीप, शुभम, सुबोध, कमल ठाकुर, अंकित कुमार, गौरव, राजेन्द्र, ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य आजाद वीर, विनोद कुमार, पीयूष सर, सतीश गर्ग, शिवचरण दास गर्ग, अशोक सरीन, कीर्ति भूषण अग्रवाल, अनुराधा वर्मा, दीपक अरोरा, मेघा अरोरा, विक्रांत गर्ग, नेहा गर्ग, गौरव मुंडे, एसडी कॉलेज मार्किट से राकेश कंसल, योगेश भगत, नरेश अरोरा, विजय तागड़ा, केवल कृष्णा अरोड़ा, केवल राम चुग, अनिल नामदेव, अनिल नागपाल, यश नागपाल, महेश दुआ, कमल अरोरा, पंडित कमल नारायण, नेशि अरोरा, कार्तिक अग्रवाल, रमेश खुराना, सन्नी जलौत्रा, अनिल गिरधर के अलावा श्री कदीम अग्रवाल सभा पदाधिकारी अनिल तायल ने जिले के वरिष्ठ पत्रकार स्व. उत्तमचंद्र शर्मा जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पुष्पांजलि सभा में मुख्य रूप से बुलेटिन परिवार से रमेश साईं, घनश्याम अरोरा, आशु अरोरा, शुभी अरोरा, आकाशदीप अरोरा, अभिनव कालरा, मंजू कालरा, अशोक जलोत्रा, बुकमेन से संदीप गुप्ता, रमन जलोत्रा, विशाल जलोत्रा, मधु जलोत्रा, रवीना जलोत्रा, मोहन आहुजा, सुनीता आहुजा, सौरभ आहुजा, वृंदा आहुजा, करण आहुजा, अंकिता आहुजा, नीलू आहुजा, मदन आहुजा, गोपाल कृष्ण बत्रा, पूजा बत्रा, मेनका बाटला, वंश दुआ, सोम्या दुआ, बिट्टू अरोरा, अज्जू अरोरा, कार्तिक खत्री, घनश्याम अरोरा, बिट्टू अरोरा, शिवा, मोनू शर्मा, अर्जुन कुमार आदि मौजूद रहे।

पुष्पांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे जिले में आरएसएस से जुड़े रमेश साईं ने सभी आए अतिथियों का इस बीच आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम संचालन पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद शर्मा ने किया।